वी.यू. अंर्तगत माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी, प्रधानमंत्री, भारत सरकार के जन्म दिन को ''सेवा दिवस'' के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का सामाजिक दूरी के साथ आयोजन

जबलपुर। आज दिनांक 17.09.2020 को माननीया श्रीमती आनंदीबेन पटेल, कुलाधिपति महोदया जी की अभिप्रेरणा व निर्देशानुसार एवं माननीय प्रो. डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर के प्रशासनिक भवन, तीनों पशुचिकित्सा महाविद्यालय, एक मत्स्य महाविद्यालय एवं ग्रामः कैलवास में लगभग 150 वृहद फलदार (मुनगा, आँवला, अमरूद, नीबू, कटहल, एवं मीठी नीम) पौधों का रोपण किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों, संचालकोंगणों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों एवं स्कूल के स्टाफ की उपस्थिति में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसी श्रंखला में ग्राम पंचायत भवन, कैलवास के प्रागंण में पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 250 से अधिक पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण व विभिन्न संक्रामक रोगों (लम्पी सिकिन डिसीज/गठिया चर्म रोग सहित) से ग्रसित पशुओं को उपचारित करते हुये, आवाश्यक दवाओं तथा खनिज लवणों का निःशुल्क वितरण किया गया।

इसी श्रंखला में कायक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति जी, विशिष्ट अतिथिः श्री घनश्याम बर्मन, ग्राम सरपंचः कैलवास द्वारा फार्मर फर्स्ट परियोजना के गोद लिये गये 06 अंगीकृत ग्रामों के 15 कुपोषित तथा टी.बी. रोग से ग्रसित बच्चों की स्वास्थ्य रक्षार्थ तथा देखभाल के तहत् पौष्टिक आहार के पैकेटस् का निःशुल्क वितरण कार्यक्रम की कड़ी में आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओंः श्रीमती मीना पटेल, श्रीमती सीता मेहरा एवं श्रीमती रोशनी मेहरा, महिला आँगनबाड़ी केन्द्र, कैलवास की सक्रिय भूमिका रही और **''पौष्टिक आहार कार्यक्रम''** भी सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

सेवा दिवस के पावन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति जी ने उदगार व्यक्त करते हुये सर्वप्रथम माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार की जन्मदिन की बधाई प्रेषित करते हुये कहा कि कोविड–19 वैश्विक महामारी के दौरान सामाजिक दूरी के साथ आज वि.वि. द्वारा ग्राम स्वच्छता, वृहद फलदार पौधों का रोपण, पशु स्वस्थता के मद्देनजर पशु स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन एवं वि.वि. द्वारा 06 गोद लिये गांवों के कुपोषित एवं क्षय रोग पीड़ित बच्चों के स्वास्थ्यवर्धक पौष्टिक आहार के पैकेटस् आदि कार्यक्रमों का आयोजन ग्रामवासियों, कृषकों व पशुपालकों की सक्रिय सहभागिता से आयोजित हुये, ये सभी सेवा कार्य वि.वि. द्वारा प्रकृति, पर्यावरण, मानव एवं हमारे गौ–वंश के संरक्षण एवं स्वास्थ्य रक्षार्थ आयोजित किये गये, जिससे सेवा–दिवस के इस आयोजन से निः संदेह ग्रामवासी जन लाभान्वित हुये, इसके लिये ग्राम कैलवास व 5 अन्य अंगीकृत गांवों के कृषकों/पशुपालकों को बहुत–बहुत धन्यवाद देते हुये, उनकी भूरि–भूरि प्रशंसा की है। इसी श्रंखला में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री घनश्याम बर्मन जी, सरपंच, ग्रामः कैलवास ने मंच से विचार व्यक्त करते हुये माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को उनके जन्मदिन की बधाई प्रेषित करते हुये, उनके स्वस्थ, यशस्वी एवं दीधायु जीवन की कामना की है। इसके साथ कहा कि यह वि.वि. निरंतर विगत चार वर्षों से मेरा गाँवः मेरा गौरव तथा फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंर्तगत **''एकीकृत कृषि प्रणाली के माध्यम से कृषकों का सशक्तीकरण''** विभिन्न तकनीकी हस्तांतरण प्रशिक्षणों, प्रदर्शन खंडों, कृषक संगोष्ठीयों, कृषक भ्रमण, कृषि एवं पशुपालन संबंधी विस्तार साहित्य सामग्रीयों एवं किसान मेला आदि संबधित गतिविधियों के आयोजन लगातार कर रहें हैं, जिससे पशुधन आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली फलीभूत हो रही है। इसके लिये वि.वि. के इन प्रयासों हेतु धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

सेवा दिवस के कार्यक्रम में वि.वि. के प्रशासनिक अधिकारियों, अधिष्ठातागणों, संचालकगणों, प्राध्यापकों, पशुचिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजन की टीम, शा.उ.मा.शाला के स्टाफ, फार्मर फर्स्ट परियोजना की टीम, कृषकों/पशुपालकों तथा कुपोषित एवं क्षय रोग से पीड़ित बच्चों की गरिमामय उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सेवा दिवस कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार गौर, प्रमुख अन्वेषक, फार्मर फर्स्ट परियोजना, एवं आभार प्रदर्शनः श्री देवेश उपाध्याय, वरिष्ठ अध्येता, फार्मर फर्स्ट परियोजना, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)